दिनांक 11 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर परिषद के द्वारा साइकिल स्टैंड के नीलामी को लेकर हुई चर्चा

आज महापौर देवेंद्र यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक आयोजित हुई!इंदिरा मार्केट के सामने स्थित साइकिल स्टैंड , बस स्टैंड के सामने स्थित साइकिल स्टैंड एवं कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित साइकिल स्टैंड की नीलामी का प्रकरण राजस्व विभाग द्वारा महापौर परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया था! नीलामी में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूह को भाग लेने का मौका दिया गया था! महापौर परिषद मे हुई चर्चा अनुसार साइकिल स्टैंड नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धा कम होने के कारण मुहर बंद निविदा आमंत्रित किए जाने का निर्णय लिया गया है जिससे राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की अन्य महिलाएं भी भाग ले सकें एवं वर्तमान में प्राप्त दरो की तुलना में अधिक आय भी निगम को प्राप्त हो सके! बैठक में आयुक्त एसके सुंदरानी , महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, सुशीला देवांगन, सूर्यकांत सिन्हा, साकेत चंद्राकर, दिवाकर भारती, सदरीन बानो, सुभद्रा सिंह, सोशल लोगन, जोहन सिन्हा सहित निगम के समस्त जोन आयुक्त , उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें, अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह अन्य मौजूद रहे!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!